नईदुनिया

मुख्यमंत्री ने कामधेनु गौशाला का किया लोकार्पण

10 हजार गौवंश के संरक्षण की होगी व्यवस्था, गौशाला के विकास के लिए 5 करोड़ रुपये अतिरिक्त देने की घोषणा



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को महू के ग्राम आशापुरा में लगभग 24 करोड़ रुपये की लागत से विकसित अत्याधुनिक कामधेनु गौशाला का लोकार्पण किया। उन्होंने गोवर्धन पूजा कर गौशाला का अवलोकन किया और गोपाल कृष्ण ग्राम पुरस्कार प्रतियोगिता के विजेता गोपालकों को सम्मानित किया। गौशाला में 10 हजार गौवंश के संरक्षण और सेवा की व्यवस्था रहेगी। मुख्यमंत्री ने सीएनजी गैस प्लांट सहित अन्य सुविधाओं के लिए पांच करोड़ रुपये अतिरिक्त देने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गौमाता भारतीय संस्कृति, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और कृषि व्यवस्था का आधार हैं। गौसेवा केवल धार्मिक भावना नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी भी है। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने में गौवंश की महत्वपूर्ण भूमिका है। सरकार का प्रयास है कि कोई भी गौवंश लावारिस अवस्था में सड़कों पर न रहे। उन्होंने बताया कि प्रदेश की लगभग 3,200 गौशालाओं में 5.61 लाख से अधिक गौवंश हैं। इनके लिए मिलने वाली सहायता राशि 20 रुपये से बढ़ाकर 40 रुपये प्रतिदिन प्रति गौवंश कर दी गई है। ग्वालियर के लाल टिपारा में 10 हजार गौवंश की क्षमता वाली गौशाला संचालित है। इंदौर के बाद भोपाल और जबलपुर में भी इसी क्षमता की गौशालाएं विकसित की जाएंगी। लगभग 26 हेक्टेयर क्षेत्र में बनी कामधेनु गौशाला में फिलहाल 550 गौवंश रखे गए हैं। यहां विशाल शेड, खुले बाड़े, पेयजल, आहार और बीमार पशुओं के उपचार के लिए अलग वार्ड बनाया गया है। मुख्यमंत्री ने गोपाल कृष्ण ग्राम पुरस्कार योजना के तहत चयनित 12 गोपालकों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक उषा ठाकुर सहित जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।

गोवर्धन पूजा और अन्नकूट पर्व की शुभकामनाएं: मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमवार को प्रदेशवासियों को गोवर्धन पूजा एवं अन्नकूट पर्व की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने संदेश में कहा कि गोवर्धन पूजा और अन्नकूट का पर्व प्रकृति, गौवंश और अन्न के प्रति श्रद्धा एवं कृतज्ञता का प्रतीक है। यह पर्व हमें प्रकृति के संरक्षण, गौसेवा और लोक कल्याण के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करने की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री ने भगवान श्रीकृष्ण से प्रार्थना की कि उनकी कृपा से सभी के जीवन में सुख-समृद्धि और खुशहाली बनी रहे।

विकास और प्रगति के नए कीर्तिमान स्थापित करे: मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमवार को उत्तराखंड के स्थापना दिवस पर राज्य के सभी नागरिकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने उत्तराखंड की निरंतर प्रगति और प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने शुभकामना संदेश में कहा कि आध्यात्मिक चेतना, समृद्ध संस्कृति और प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण देवभूमि उत्तराखंड विकास एवं प्रगति के नए कीर्तिमान स्थापित करे। उन्होंने कामना की कि उत्तराखंड निरंतर उन्नति के पथ पर आगे बढ़े और राज्य के सभी नागरिकों के जीवन में सुख, समृद्धि एवं खुशहाली बनी रहे।

तेंदुए के शावक ने किशोर पर किया हमला

वन विभाग की टीम तेंदुए की तलाश में जुटी

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः राजधानी के बाग मुगालिया क्षेत्र स्थित पारिस्थितिकी उद्यान में तेंदुए के एक शावक ने 16 वर्षीय किशोर पर हमला कर दिया। घटना रविवार शाम की बताई जा रही है। हमले में किशोर आदित्य कश्यप को तेंदुए के पंजे से चोट आई। उसे उपचार के लिए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। किशोर को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी मिल चुकी है।

घटना की जानकारी सोमवार शाम को सामने आने के बाद वन विभाग की टीम क्षेत्र में तेंदुए की तलाश में जुट गई है।

पुलिस के अनुसार, आदित्य पर तेंदुए के शावक ने हमला किया था। इस दौरान उसके पंजे से किशोर को चोट लगी। हालांकि, चोट अधिक गंभीर नहीं थी। घटना के बाद तेंदुआ जंगल की ओर भाग गया। आदित्य को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसका उपचार किया। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी स्थिति ठीक होने पर उसे घर भेज दिया गया।

घटना की शुरुआती जानकारी में किशोर पर बाघ के हमले की बात सामने आई थी, लेकिन बाद में पता चला कि हमला तेंदुए के शावक ने किया था। बाग मुगालिया क्षेत्र के पारिस्थितिकी उद्यान में तेंदुए की आवाजाही पहले भी सामने आती रही है। घटना के बाद वन विभाग का अमला सक्रिय हो गया है और क्षेत्र में उसकी मौजूदगी का पता लगाने के लिए खोजबीन की जा रही है।

वन मंडलाधिकारी लोकप्रिय भारती ने बताया कि बाग मुगालिया क्षेत्र में तेंदुए की आवाजाही रहती है। हालांकि, उन्हें किशोर पर हमले की जानकारी नहीं मिली है। उन्होंने बताया कि मामले का पता लगाने के लिए टीम भेजी जा रही है।

रेलवे स्टेशन पर विदेशी महिला से 500 ग्राम कोकीन जब्त



नईदुनिया प्रतिनिधि,भोपालः रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-दो पर संयुक्त दल ने एक विदेशी महिला को 500 ग्राम कोकीन के साथ गिरफ्तार किया है। महिला जीटी एक्सप्रेस के वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के डिब्बे में यात्रा कर रही थी। राजस्व आसूचना निदेशालय से मिली सूचना के आधार पर राजकीय रेल पुलिस, रेलवे सुरक्षा बल और राजस्व आसूचना निदेशालय की संयुक्त टीम ने यह कार्रवाई की।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, महिला चेन्नई से दिल्ली के बीच ट्रेन से सफर कर रही थी। गुरुवार रात करीब 7:45 बजे भोपाल स्टेशन पर टीम ने ट्रेन में तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान महिला के पास से 500 ग्राम कोकीन बरामद हुई। इसके बाद उसे हिरासत में ले लिया गया।

कार्रवाई के बाद महिला को आगे की जांच और कानूनी कार्रवाई के लिए राजस्व आसूचना निदेशालय के अधिकारियों के हवाले कर दिया गया। अधिकारी उसके खिलाफ स्वापक औषधि एवं मन:प्रभावी पदार्थ अधिनियम के तहत कार्रवाई कर रहे हैं।

तस्करी के नेटवर्क की जांच शुरू: जांच दल अब यह पता लगाने में जुटा है कि महिला के पास कोकीन कहां से आई थी और दिल्ली में इसकी आपूर्ति किसे की जानी थी। इसके साथ ही मादक पदार्थों की तस्करी के पीछे सक्रिय गिरोह और इसमें शामिल अन्य लोगों की भूमिका की भी पड़ताल की जा रही है।

संयुक्त दल को राजस्व आसूचना निदेशालय से मिले इनपुट के बाद ट्रेन में तलाशी की गई थी। बरामद कोकीन की मात्रा 500 ग्राम बताई गई है। फिलहाल महिला से पूछताछ कर तस्करी से जुड़े संपर्कों और आपूर्ति की कड़ियों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

सोने के लालच में पड़ोसन ने की थी वृद्धा की हत्या, आरोपी दो दिन की रिमांड पर

शाहजहांनाबाद की वाजपेयी नगर मल्टी में हुई थी वारदात



नईदुनिया प्रतिनिधि,भोपालः शाहजहानाबाद थाना इलाके की वाजपेयी नगर मल्टी में चार दिन पहले दिनदहाड़े हुई 70 वर्षीय कलरी देवी की हत्या और लूट की वारदात को सुलझा लिया गया है। इस मामले में पुलिस ने उसके पड़ोस में रहने वाली महिला को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से लूटे गए जेवर बरामद कर लिए गए। महिला के खिलाफ पूर्व से कुछ अपराध दर्ज हैं। पुलिस ने पूछताछ के लिए आरोपी 45 वर्षीय रेखा उर्फ रीता उर्फ रीत को दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।

डीसीपी जोन-तीन आयुष गुप्ता ने बताया कि 6 नवंबर को हमीदिया अस्पताल से कलरी देवी की मौत की सूचना मिली थी। संक्षिप्त पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चला कि उनकी मौत दम घुटने और श्वास नली अवरुद्ध होने से हुई थी। अज्ञात के खिलाफ हत्या, लूटपाट का केस दर्ज कर जांच शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसीपी अनिल वाजपेयी के नेतृत्व में एसआईटी बनाई गई थी। साथ ही हत्या के मामले में सुराग देने वाले को 10 हजार का इनाम भी देने की घोषणा की गई थी। पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास रहने वाले लोगों से पूछताछ की और तकनीकी साक्ष्य जुटाए। संदेह के आधार पर कलरी देवी के घर के सामने रहने वाली रेखा से पूछताछ की गई। सख्ती से पूछताछ में उसने वारदात करना कबूल कर लिया। रेखा के खिलाफ पूर्व से नाबालिक का अपहरण, दुष्कर्म में सहयोग करने, मारपीट, जान से मारने की धमकी जैसे केस दर्ज हैं। वह तीन बार शादी कर चुकी है। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने कलरी देवी से लूटे गए सोने के झुमके, नाक की लौंग, पायल और नकदी बरामद की है। वारदात के समय आरोपी द्वारा पहने गए कपड़े, चप्पल और मोबाइल फोन भी जब्त किया गया है, लेकिन अभी सोने से मढ़ा दांत नहीं मिला है। एक दांत पुलिस ने घटना स्थल की जांच के दौरान बरामद कर लिया था। उसे जांच के लिए भेजा गया है।

लापता छात्र का शव कुएं में मिला

पैर फिसलने से गिरने की आशंका

नईदुनिया प्रतिनिधि,भोपालः नजीराबाद थाना इलाके में सोमवार सुबह घर से अचानक गायब हुए किशोर का शव उसके खेत में बने कुएं से बरामद हुआ। जांच में पता चला कि कुएं का पानी साफ रखने के लिए मछली डाली गई थीं। बालक रोजाना उन्हें दाना डालता था। संभवत: इस दौरान संतुलन बिगड़ने से वह हादसे का शिकार बन गया।

नजीराबाद थाना प्रभारी सहवाज खान ने बताया कि ग्राम पीपाखेड़ी निवासी नारायण मीणा किसान हैं। उनका 11 वर्ष का बेटा ललित नवोदय विद्यालय में छठवीं कक्षा में पढ़ता था। सोमवार सुबह साढ़े आठ बजे वह अचानक लापता हो गया। खोजबीन करने के दौरान परिवार के लोगों ने खेत में बने कुएं के पास ललित की चप्पलें रखी देखीं। अनहोनी की आशंका से जैसे ही कुएं में झांका तो ललित उसमें पड़ा हुआ था। कुएं से बाहर निकालकर उसे बैरसिया के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। वहां चैक करने के बाद डाक्टर ने ललित को मृत घोषित कर दिया। घटना से घर में मातम का माहौल है।

एनटीईटी-2026 की दूसरी परीक्षा दिसंबर में, सूचना जारी

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (एनसीआईएसएम) ने एनटीईटी-2026 की दूसरी परीक्षा को लेकर सार्वजनिक सूचना जारी की है।

विद्यार्थियों की मांगों और प्राप्त अभ्यावेदनों को ध्यान में रखते हुए आयोग ने दिसंबर 2026 में परीक्षा आयोजित करने की संभावित योजना बनाई है। परीक्षा की विस्तृत समय-सारणी और आवेदन संबंधी जानकारी अलग से जारी की जाएगी। नीमा छात्र संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भाजपा प्रदेश कार्यालय मंत्री (चिकित्सा प्रकोष्ठ) डॉ. हरेंद्र सिंह भदौरिया ने आयोग के निर्णय का स्वागत किया है। उन्होंने बताया कि देशभर के आयुर्वेद स्नातकोत्तर विद्यार्थियों की एनटीईटी से जुड़ी समस्याओं और मांगों को लेकर कई आवेदन प्राप्त हुए थे। नीमा ने विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी समस्याओं को समझा और उनकी मांगों को संबंधित उच्च अधिकारियों एवं विभागों तक पहुंचाया। डॉ. भदौरिया ने कहा कि अधिकारियों ने विद्यार्थियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उनके हित में सकारात्मक निर्णय लिया है। विद्यार्थियों के शैक्षणिक और भविष्य संबंधी हित सर्वोपरि हैं।

दुकान में लगी आग: 40 फीट की ऊँचाई पर फंसे तीन लोगों को सुरक्षित बचाया



नईदुनिया प्रतिनिधि,भोपालः शहर के घोड़ा निकास क्षेत्र के समीप सोमवार शाम उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब अजय रैकवार के मकान के नीचे संचालित प्रेम मंगानी की सुपारी सेंटर एवं किराना दुकान में अचानक भीषण आग लग गई। इसी भवन में प्रेम लॉज भी संचालित है। आग इतनी तेजी से फैली कि ऊपर तीसरी मंजिल पर रह रहा एक परिवार धुएं और आग के बीच फंस गया। परिवार के तीन सदस्यों की जान पर बन आई और उन्हें बचाने के लिए मदद की गुहार लगानी पड़ी।

हालात की गंभीरता को देखते हुए आसपास के लोग तत्काल मदद के लिए आगे आए। तीसरी मंजिल पर करीब 40 फीट की ऊंचाई पर फंसे तीनों लोगों को बचाने के लिए स्थानीय लोगों ने रस्सी के सहारे जोखिम भरा रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। काफी मशक्कत कर तीनों सदस्यों को सुरक्षित नीचे उतार लिया। इससे बड़ा हादसा टल गया। पुलिस के मुताबिक सुपारी सेंटर दुकान के संचालक प्रेम मंगानी निवासी 12 नंबर शाम सात बजे पूजा-अर्चना करने के बाद दुकान से घर चले गए थे। इसके बाद दुकान में आग लगने की घटना सामने आई। आग इतनी भीषण थी कि दुकान में रखे सामान के साथ आसपास के हिस्सों को भी काफी नुकसान पहुंचा है। आग की दूसरी बड़ी घटना रफीकिया स्कूल के पास रात 11 बजे लगी आग में ऊपर बने फ्लैट में लोग फंस गए थे। स्थानीय लोगों ने फायरब्रिगेड के कर्मचारियों की मदद से उन्हें बाहर निकाल लिया। इसी तरह नीलबड़ में डीपीएस स्कूल के पास एक सूने मकान में आग लगने से घर में लगे परदे आदि जल गए। सूचना मिलने पर फायरब्रिगेड के कर्मचारियों ने आग पर काबू पा लिया। इससे बड़ा हादसा टल गया। इसके अलावा कई स्थानों पर घास के ढेर, कचरे आदि में भी आग लगने की सूचना मिलती रही।

दीपावली पर आंख और कान में चोट के 13 मामले पहुंचे अस्पताल

दीपावली के दौरान हमीदिया अस्पताल में आंखों और कानों में चोट के कुल 13 मामले पहुंचे। इनमें एक बच्चे के कान में चोट लगने का मामला भी शामिल है। पिछले साल दीपावली पर करीब 125 घायल अस्पताल पहुंचे थे। इनमें लगभग 100 मरीजों की आंखों में चोटें आई थीं। जबकि दो दर्जन से अधिक लोगों की आंखों की रोशनी चली गई थी। हर साल दीपावली के बाद पटाखों से आंखों में चोट लगने के मामले सामने आते हैं। इसके बावजूद प्रतिबंधित कार्बाइड गन की बिक्री और इस्तेमाल पर प्रभावी रोक नहीं लग पा रही है। प्रतिबंध के बावजूद दीपावली पर कार्बाइड गन की बिक्री और इस्तेमाल पर रोक नहीं लग सकी। इस बार कार्बाइड गन से निकले बारूद के कणों ने एक बच्चे की आंख को गंभीर नुकसान पहुंचाया। उसकी आंख की सफेद परत फट गई और बारूद के कण अंदर तक पहुंच गए।

हरित और सुरक्षित दीपोत्सव मनाने स्कूली बच्चों ने का संकल्प लिया



नईदुनिया प्रतिनिधि, हिरदाराम नगरः प्रकाश और उमंग के पाँच दिवसीय दीपोत्सव मनाया जा रहा है। मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल में बच्चों ने एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया, जिसमें 'दीप जलाएँ प्रेम के, प्रकृति का सम्मान बढ़ाएँगे, पटाखों से दूरी अपनाएँगे, हरित दीपावली मनाएँगे' का संकल्प लिया।

पर्व का अभिनंदन बच्चों ने रामायण पर आधारित सुंदर नृत्य-नाटिका प्रस्तुत की, जिसमें भगवान श्रीराम के आदर्शों को जीवंत किया। साथ ही बच्चों ने 'ईको-फ्रेंडली दिवाली' पर कविता और नृत्य प्रस्तुति दी। शिक्षिका बुशरानिसा ने पटाखों के दुष्प्रभावों को समझाते हुए प्रदूषण-मुक्त पर्व मनाने की प्रेरणा दी। संस्था के सचिव घनश्याम बूलचंदानी और प्राचार्या रेखा केवलानी ने विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं समस्त स्टाफ को दीपोत्सव की शुभकामनाएँ दी। उपप्राचार्या दिव्या कृपलानी ने आपसी प्रेम और सामाजिक संवेदनशीलता पर जोर दिया।

कहा गया कि दीपावली का वास्तविक आनंद केवल दीप जलाने में नहीं, बल्कि दूसरों के जीवन को रोशन करने और प्रकृति की रक्षा करने में निहित है।

व्यंग्य संग्रह 'निन्यानवे के फेर में हिंदुस्तान' का विमोचन आज

व्यंग्यकार राजेश खरे 'अमृत' की पुस्तक पर साहित्यकारों का जुटेगा जमावड़ा, दुष्यंत स्मारक संग्रहालय में होगा कार्यक्रम

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः व्यंग्यकार राजेश खरे 'अमृत' के व्यंग्य संग्रह 'निन्यानवे के फेर में हिंदुस्तान' का विमोचन मंगलवार, 10 नवंबर को शाम चार बजे दुष्यंत स्मारक पांडुलिपि संग्रहालय, शिवाजी नगर में होगा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश के चुनाव आयुक्त मनोज कुमार श्रीवास्तव होंगे। अध्यक्षता वरिष्ठ व्यंग्यकार प्रियदर्शी खैरा करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार महेश श्रीवास्तव उपस्थित रहेंगे।

पुस्तक में रोजमर्रा की घटनाओं और सामाजिक परिस्थितियों को रोचक एवं व्यंग्यात्मक अंदाज में प्रस्तुत किया गया है। इसकी रचनाओं में पाठकों को अपने आसपास के जीवन और अनुभवों की झलक देखने को मिलेगी। विमोचन समारोह में वरिष्ठ व्यंग्यकार विजी श्रीवास्तव, व्यंग्यचित्रकार हरिओम तिवारी, अरुण अर्णव खरे, रंगकर्मी गिरीश थत्ते, दामोदर आर्य, अनुज खरे और अधिवक्ता राजेश व्यास सहित साहित्य जगत की कई हस्तियां शामिल होंगी। इस अवसर पर पुस्तक का सीमित प्रथम संस्करण विशेष छूट पर बिक्री के लिए भी उपलब्ध रहेगा।

श्री गंगा धाम उदासीन दरबार में 15 दिवसीय कार्तिक महोत्सव

नईदुनिया प्रतिनिधि, हिरदाराम नगरः दीपावली के पश्चात सनातन परंपरा के अनुसार पवित्र कार्तिक मास महोत्सव का शुभारंभ होने जा रहा है। संतनगर स्थित एफ वार्ड के श्री गंगा धाम उदासीन दरबार में 10 नवंबर से 15 दिवसीय कार्तिक मास महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। दरबार के महंत तुलसीदास उदासी जी ने बताया कि भगवान श्री विष्णु को अत्यंत प्रिय यह माह आत्मशुद्धि, भक्ति और साधना का प्रतीक है। इस दौरान सत्संग, दान, स्नान एवं हरि स्मरण से विशेष पुण्य प्राप्त होता है। प्रतिदिन प्रात: 5:30 से 7:00 बजे तक एवं सायंकाल 6:00 से 7:30 बजे तक विशेष सत्संग, प्रवचन और भजन-कीर्तन आयोजित किए जाएंगे।

योजना *यात्रियों को मिलेगी सुरक्षित और प्रदूषण मुक्त यात्रा की सुविधा...*

प्रदेश में 1100 बसों का बेड़ा तैयार करेगी सरकार



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मध्य प्रदेश में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को आधुनिक, सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल बनाने के लिए मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा का विस्तार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में शुरू की गई इस सेवा के अंतर्गत सात शहरों में 351 बसों का संचालन किया जा रहा है। प्रदेश सरकार ने वर्ष 2027 तक बसों का बेड़ा बढ़ाकर 1100 करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके लिए इलेक्ट्रिक बसों, चार्जिंग केंद्रों और आधुनिक बस डिपो का विस्तार किया जाएगा।

मध्य प्रदेश यात्री परिवहन एवं अधोसंरचना लिमिटेड ने बस संचालन, बिजली की जरूरत और यात्री सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए प्रदेशव्यापी कार्ययोजना तैयार की है। इसमें सरकार और निजी क्षेत्र के सहयोग से निवेश, संचालन और आधारभूत सुविधाओं का विकास किया जाएगा। प्रदेश में वर्तमान में 96 प्रधानमंत्री ई-बसें और 120 अंतरशहरी इलेक्ट्रिक बसें संचालित हो रही हैं। आगामी छह माह में 520 अतिरिक्त बसें जोड़ने की योजना है। वर्तमान में सात चार्जिंग केंद्र संचालित हैं, जबकि अगले छह माह में नौ नए केंद्र विकसित किए जाएंगे। वर्ष 2027 तक कुल 1100 बसों का बेड़ा तैयार करने का लक्ष्य है। इलेक्ट्रिक बसों के संचालन के लिए प्रमुख परिवहन मार्गों पर चार्जिंग केंद्र बनाए जाएंगे। बस डिपो को पर्याप्त बिजली आपूर्ति से जोड़ने के साथ सौर ऊर्जा सहित नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को भी बढ़ावा दिया जाएगा। बैटरी प्रबंधन और बिजली की बेहतर व्यवस्था पर विशेष ध्यान रहेगा। बस सेवाओं को प्रदेश स्तरीय बुद्धिमान परिवहन प्रबंधन प्रणाली, जीपीएस आधारित निगरानी, एकीकृत टिकट व्यवस्था और यात्री सूचना प्रणाली से जोड़ा जाएगा। इससे यात्रियों को बसों की स्थिति और संचालन संबंधी जानकारी मिल सकेगी। कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डिजिटल तकनीक से बसों की उपलब्धता, समयबद्धता और सेवा की गुणवत्ता बेहतर बनाने का प्रयास होगा। योजना के तहत शहरों, कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों के बीच परिवहन संपर्क बढ़ाया जाएगा। मुख्य बस सेवाओं से जोड़ने के लिए सहायक और साझा परिवहन सुविधाएं विकसित होंगी। यात्रा की योजना, टिकट और भुगतान को एकीकृत करने पर भी काम किया जाएगा।